www.govtjobsalert.in

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Akashdeep PG Girls College |
| Test Date | 23/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** डेमेट्रियस, एक बैक्ट्रियन-ग्रीक शासक, ______ के साथ संघर्ष में आया।

Ans
- ✔ 1. पुष्यमित्र
- ✗ 2. सिमुका
- ✗ 3. हर्ष
- ✗ 4. नहपान

**Q.2** निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

53, 47, 43, 42, 52, 54, 54, 51, 42, 53, 53, 48, 46, 43, 43, 40, 43, 41

Ans
- ✗ 1. 47
- ✗ 2. 42
- ✗ 3. 53
- ✔ 4. 43

**Q.3** एल्वियोली (alveoli) में गैस विनिमय की दक्षता मुख्य रूप से किस संरचनात्मक विशेषता के कारण होती है?

Ans
- ✗ 1. वायुकोशीय आकार को बनाए रखने के लिए एक मजबूत लोचदार नेटवर्क
- ✗ 2. रोगजनकों से बचाने के लिए मोटी उपकला परत
- ✔ 3. पतली वायुकोशीय-केशिका अवरोध के साथ संयुक्त बड़ा सतह क्षेत्र
- ✗ 4. बलगम स्रावित करने वाली कोशिकाओं की प्रचुरता

**Q.4** निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या मुख्यतः पहाड़ी भू-भाग के कारण विरल है?

Ans
- ✔ 1. अरुणाचल प्रदेश
- ✗ 2. तमिलनाडु
- ✗ 3. गुजरात
- ✗ 4. ओडिशा

**Q.5** जब आप MS PowerPoint 365 में 'Ctrl + M' दबाते हैं तो निम्न में से क्या होता है?

Ans
- ✗ 1. स्लाइड मास्टर व्यू ओपन हो जाता है।
- ✗ 2. पिछले लेआउट की उपेक्षा करते हुए एक न्यू ब्लैंक स्लाइड इंसर्ट हो जाती है।
- ✗ 3. वर्तमान स्लाइड का एक डुप्लिकेट बन जाता है।
- ✔ 4. पिछली स्लाइड के समान लेआउट वाली एक नई स्लाइड इंसर्ट हो जाती है।

www.govtjobsalert.in

| Q.6 | एक निश्चित कूट भाषा में, ‘FARM’ को ‘4683’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘MUSE’ को ‘2419’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कोड भाषा में ‘M’ के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1 |
| | ✗ 2. 3 |
| | ✗ 3. 2 |
| | ✓ 4. 4 |

www.govtjobsalert.in

| Q.7 | गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, कितने भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समुद्र तट है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 9 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेश |
| | ✗ 2. 11 राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेश |
| | ✗ 3. 10 राज्य और 5 केंद्र शासित प्रदेश |
| | ✗ 4. 8 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश |

| Q.8 | निम्नलिखित में से किस समूह को भारत में केंद्रीय मंत्रिपरिषद का हिस्सा नहीं माना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. उप मंत्री |
| | ✓ 2. संसदीय सचिव |
| | ✗ 3. राज्य मंत्री |
| | ✗ 4. कैबिनेट मंत्री |

| Q.9 | अप्रैल 2025 में, किस भारतीय राज्य के मुख्यमंत्री ने तटीय शहर दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पश्चिम बंगाल |
| | ✓ 2. ओडिशा |
| | ✗ 3. तमिलनाडु |
| | ✗ 4. आंध्र प्रदेश |

| Q.10 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>XQS VOQ TMO RKM ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. PJK |
| | ✗ 2. PIL |
| | ✓ 3. PIK |
| | ✗ 4. PJL |

| Q.11 | 2025 में, IIT मद्रास और भारतीय रेलवे द्वारा लॉन्च किए गए हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक (hyperloop test track) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. संधारणीय परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना |
| | ✗ 2. माल के परिवहन का एक नया तरीका विकसित करना |
| | ✗ 3. वैक्यूम ट्यूब तकनीक की व्यवहार्यता का परीक्षण करना |
| | ✓ 4. हाई-स्पीड परिवहन में क्रांति लाना और यात्रा के समय को कम करना |

| Q.12 | प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत में शुरू किए गए होम रूल आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर स्वशासन प्राप्त करना था। इस आंदोलन को शुरू करने में कौन-से दो प्रमुख नेता शामिल थे? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस |
| | ✗ 2. लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल |
| | ✓ 3. एनी बेसेंट और बाल गंगाधर तिलक |
| | ✗ 4. महात्मा गांधी और गोपाल कृष्ण गोखले |

www.govtjobsalert.in

| Q.13 | मूल और व्युत्पन्न दोनों मात्रकों के सम्पूर्ण समुच्चय को क्या कहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. सार्वत्रिक स्थिरांक प्रणाली |
| | ✓ 2. मात्रकों की प्रणाली |
| | ✗ 3. वैज्ञानिक मॉडल |
| | ✗ 4. मापन समुच्चय |

www.govtjobsalert.in

| Q.14 | राहुल के पास कुछ कंचे थे। जब उसने कंचों को 27 बच्चों में बराबर-बराबर बांटा, तो उसने पाया कि 17 कंचे शेष बच गए। यदि उसने कंचों को 19 बच्चों और 15 बच्चों में बराबर-बराबर बांटा होता, तो भी उसके पास क्रमशः 9 और 5 कंचे शेष बचते। लेकिन जब उसने उन्हें 80 बच्चों में बराबर-बराबर बांटा, तो एक भी कंचा शेष नहीं बचा। राहुल के पास आरंभ में जितने कंचे थे, उनकी संख्या ________ के बीच हो सकती है। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 5110 और 5130 |
| | ✗ 2. 5070 और 5080 |
| | ✗ 3. 5090 और 5100 |
| | ✗ 4. 5140 और 5150 |

| Q.15 | केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम-किसान योजना विश्व व्यापार संगठन के कृषि समझौते के तहत किस श्रेणी में आती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. ग्रीन बॉक्स |
| | ✗ 2. एम्बर बॉक्स |
| | ✗ 3. ब्लू बॉक्स |
| | ✗ 4. रेड बॉक्स |

| Q.16 | केंद्रीय बजट 2025-26, परिसंपत्ति मुद्रीकरण योजना 2025-30 के अनुसार, नई परियोजनाओं में पुनर्निवेश के उद्देश्य से 2025-30 के लिए दूसरी योजना हेतु धनराशि कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ₹20 लाख करोड़ |
| | ✗ 2. ₹25 लाख करोड़ |
| | ✗ 3. ₹15 लाख करोड़ |
| | ✓ 4. ₹10 लाख करोड़ |

| Q.17 | निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 11 : 11 |
| | ✗ 2. 10 : 27 |
| | ✗ 3. 9 : 11 |
| | ✗ 4. 31 : 38 |

| Q.18 | उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br>ICK : KEF<br>HDW : JFR |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. VJF : XLA |
| | ✗ 2. KLR : MNN |
| | ✗ 3. RFM : TIH |
| | ✗ 4. GGP : IJK |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.19 | यदि $\frac{x+1}{x}=33$ है, तो $\frac{x^2+1}{x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 1083 |
| | ✓ 2. 1087 |
| | ✗ 3. 1091 |
| | ✗ 4. 1089 |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.20 | सात बॉक्स C, D, E, F, G, H और X, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। C और H के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G के ऊपर केवल F को रखा गया है। G और C के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E को X के नीचे किसी एक स्थान पर लेकिन D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। X और D के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
| Ans | ✓ 1. दो |
| | ✗ 2. एक |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.21 | 13874 में कौन-सी सबसे छोटी संख्या जोड़ी जाए कि योगफल 67 से पूर्णतः विभाज्य हो? |
| Ans | ✗ 1. 60 |
| | ✓ 2. 62 |
| | ✗ 3. 64 |
| | ✗ 4. 57 |

| | |
|---|---|
| Q.22 | मुकेश ने एक कार 10% की हानि पर ₹2,03,700 में बेची। 68% लाभ अर्जित करने के लिए उसे कार को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए? |
| Ans | ✗ 1. 3,80,243 |
| | ✗ 2. 3,80,237 |
| | ✗ 3. 3,80,238 |
| | ✓ 4. 3,80,240 |

| | |
|---|---|
| Q.23 | 38 लोग उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। हरि दाएं छोर से 11वें स्थान पर है जबकि हेमा बाएं छोर से 14वें स्थान पर है। हरि और हेमा के बीच कितने लोग हैं? |
| Ans | ✗ 1. 11 |
| | ✗ 2. 14 |
| | ✗ 3. 12 |
| | ✓ 4. 13 |

| | |
|---|---|
| Q.24 | मेंडेलीव ने अपनी आवर्त सारणी में रिक्त स्थान क्यों छोड़े थे? |
| Ans | ✓ 1. अज्ञात (undiscovered) तत्वों के लिए |
| | ✗ 2. समस्थानिकों को शामिल करने के लिए |
| | ✗ 3. सारणी को सममित बनाने के लिए |
| | ✗ 4. तत्वों की पुनरावृत्ति से बचने के लिए |

| | |
|---|---|
| Q.25 | एक व्यक्ति 4.5 घंटे तक 23 km/hr की चाल से गाड़ी चलाता है, फिर वह अपनी चाल 11 km/hr बढ़ा देता है, और एक घंटे में गंतव्य तक पहुंच जाता है। पूरी यात्रा के दौरान व्यक्ति की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 21 |
| | ✗ 2. 22 |
| | ✗ 3. 26 |
| | ✓ 4. 25 |

www.govtjobsalert.in

| Q.26 | यदि संख्या 75246183 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एक भी नहीं |
| | ✗ 2. दो |
| | ✓ 3. तीन |
| | ✗ 4. एक |

www.govtjobsalert.in

| Q.27 | भारतीय संविधान में उल्लिखित कितने रिट, मौलिक अधिकारों को लागू करते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. सात रिट |
| | ✓ 2. पांच रिट |
| | ✗ 3. चार रिट |
| | ✗ 4. छह रिट |

| Q.28 | मिस्टर J, बिंदु U से ड्राइव करना शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 2 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं, 9 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 16 km ड्राइव करते हैं। फिर वे अंतिम दाएं मुड़ते हैं, 1 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु U पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 11 km उत्तर की ओर |
| | ✗ 2. 4 km दक्षिण की ओर |
| | ✓ 3. 7 km पूर्व की ओर |
| | ✗ 4. 4 km पश्चिम की ओर |

| Q.29 | सात व्यक्ति, A, B, L, M, N, S और T उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। A और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, S के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। T के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। T और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, L के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एक |
| | ✗ 2. चार |
| | ✗ 3. तीन |
| | ✓ 4. दो |

www.govtjobsalert.in

| Q.30 | इस प्रश्न में, संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। कूटों का सही संयोजन (केवल लागू होने वाली शर्त/शर्तों का पालन करते हुए) आपका उत्तर है। |
|---|---|

www.govtjobsalert.in

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Number/symbol | R | E | A | U | M | D | F | P | Q | I | O | H | N | W | Z | B |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | # | 7 | 6 | $ | 8 | % | * | 5 | 9 | 4 | © | @ | d | 3 | 2 | 1 |

संदर्भ:
**Number/symbol - संख्या/प्रतीक**
**Code - कूट**

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव व्यंजन है और तीसरा स्वर है, तो इन दोनों (पहले और तीसरे अवयव) के कूट को आपस में बदला जाना चाहिए।
ii) यदि पहला अवयव स्वर है और चौथा अक्षर व्यंजन है, तो पहले और चौथे अवयव को स्वर के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
iii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव व्यंजन हैं, तो दोनों को तीसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

उपरोक्त निर्देशों के आधार पर, 'OBAHMQ' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. @$6@89
2. ©16©89 ✔
3. @16@89
4. ©16@87

Q.31 गुर्जर-प्रतिहार राजवंश का संस्थापक कौन था?

Ans
1. गोपाल
2. नागभट्ट प्रथम ✔
3. वत्सराज
4. भोज

Q.32 सात व्यक्ति D, E, F, G, L, M और N उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। L के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, L के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, N के दाईं ओर किसी एक स्थान पर, लेकिन F के बाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. चार
2. एक
3. दो
4. तीन ✔

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सी रिट, भारतीय संविधान में उल्लिखित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करती है?

Ans
1. परमादेश (Mandamus)
2. बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus) ✔
3. उत्प्रेषण (Certiorari)
4. प्रतिषेध (Prohibition)

www.govtjobsalert.in

| Q.34 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. IL - FI |
| | ✓ 2. MJ - DF |
| | ✗ 3. NQ - KN |
| | ✗ 4. MP - JM |

www.govtjobsalert.in

| Q.35 | नर्मदा नदी किस पर्वतमाला से निकलती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पश्चिमी घाट |
| | ✗ 2. विंध्याचल |
| | ✗ 3. अरावली |
| | ✓ 4. सतपुड़ा |

| Q.36 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E + F – G x H ÷ K' है, तो E का K से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. माता की बहन का पति |
| | ✓ 2. माता की बहन का पुत्र |
| | ✗ 3. पिता की बहन का पति |
| | ✗ 4. पिता की बहन का पुत्र |

Q.37 नीचे दिए गए आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। [दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित]

| वर्ष में आयु | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 16 | 21 | 14 | 34 | 37 | 32 | 13 |

| Ans | ✗ 1. 33.05 |
|---|---|
| | ✗ 2. 34.15 |
| | ✗ 3. 46.12 |
| | ✓ 4. 53.75 |

| Q.38 | कोई धनराशि A, B, C और D के बीच 10 : 4 : 8 : 5 के अनुपात में बांटी जानी है। यदि C को B से ₹24 अधिक मिले, तो A को कितनी धनराशि प्राप्त हुई? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ₹58 |
| | ✓ 2. ₹60 |
| | ✗ 3. ₹63 |
| | ✗ 4. ₹59 |

| Q.39 | 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता दर कितनी थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 72.98% |
| | ✗ 2. 76.23% |
| | ✗ 3. 75.12% |
| | ✓ 4. 74.04% |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.40 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।<br>(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएँ) % 3 £ 3 & © * 3 & 7 7 3 7 % 4 8 © * 1 * 9 9 (दाएँ)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है? |
| Ans | ✗ 1. 3 |
| | ✓ 2. 4 |
| | ✗ 3. 2 |
| | ✗ 4. 5 |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.41 | एक व्यक्ति अपने मासिक वेतन का 50% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह परिवहन पर ₹780 और किराने के सामान पर ₹9,800 खर्च करता है तथा शेष ₹110 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है? |
| Ans | ✓ 1. ₹21,380 |
| | ✗ 2. ₹21,282 |
| | ✗ 3. ₹21,430 |
| | ✗ 4. ₹21,307 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी टैबलेट, लैपटॉप हैं।<br>कोई भी लैपटॉप, डेस्कटॉप नहीं है।<br>कोई भी लैपटॉप, मोबाइल नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>**(I)** कोई भी टैबलेट, डेस्कटॉप नहीं है।<br>**(II)** कुछ मोबाइल, डेस्कटॉप हैं। |
| Ans | ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.43 | मार्च 2025 में प्रकाशित जॉन ग्रीन की नॉन-फिक्शन पुस्तक में किस रोग के इतिहास और प्रभाव पर चर्चा की गई है? |
| Ans | ✗ 1. मलेरिया |
| | ✗ 2. इन्फ्लूएंजा |
| | ✗ 3. हैजा |
| | ✓ 4. क्षय रोग |

| | |
|---|---|
| Q.44 | दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>173, 151, 131, 113, 97, ? |
| Ans | ✓ 1. 83 |
| | ✗ 2. 76 |
| | ✗ 3. 68 |
| | ✗ 4. 91 |

www.govtjobsalert.in

| Q.45 | 40 का 60%, 15 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 13 |
| | ✓ 2. 15 |
| | ✗ 3. 9 |
| | ✗ 4. 12 |

www.govtjobsalert.in

| Q.46 | अक्टूबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय रेलवे वित्त निगम (IRFC) का मुख्य कार्यकारी निदेशक (CEO) नियुक्त किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. परमेश शिवमणि |
| | ✗ 2. विजया किशोर रहाटकर |
| | ✓ 3. मनोज कुमार दुबे |
| | ✗ 4. अजीत कुमार सक्सेना |

| Q.47 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. KQM |
| | ✗ 2. PVQ |
| | ✗ 3. MSN |
| | ✗ 4. HNI |

| Q.48 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर YAGK किसी निश्चित तरीके से RTZD से संबंधित है। WYEI उसी तरीके से PRXB से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BDJN निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. UWAC |
| | ✗ 2. UWCH |
| | ✗ 3. UWHY |
| | ✓ 4. UWCG |

| Q.49 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>GOAL - GLAO - LAOG<br>COMB - CBMO - BMOC |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. OVEL - OVLE - VELO |
| | ✓ 2. WISH - WHSI - HSIW |
| | ✗ 3. TING - ITNG - GINT |
| | ✗ 4. LOST - LSOT - TSOL |

| Q.50 | रणजी ट्रॉफी 2024-25 में, विदर्भ के प्रदर्शन में क्या उल्लेखनीय रहा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. वे फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए |
| | ✗ 2. उन्होंने पहली बार यह खिताब जीता |
| | ✓ 3. उन्होंने सात सत्रों में तीसरी बार यह खिताब जीता |
| | ✗ 4. वे फाइनल में केरल से हार गए |

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.51 | मार्च 2025 में, भारत सरकार ने वक्फ (Waqf) (संशोधन) अधिनियम पारित किया, जिसके कारण देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए। किस संगठन ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और विधेयक को "असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक" बताया? |
| Ans | ✗ 1. इमारत-ए-शरिया |
| | ✗ 2. जमीयत उलेमा-ए-हिंद |
| | ✓ 3. ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड |
| | ✗ 4. ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड |

| | |
|---|---|
| Q.52 | निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में आर्थिक गतिविधियों को विभिन्न क्षेत्रों में वर्गीकृत करने का मुख्य कारण है? |
| Ans | ✓ 1. उनकी कार्यप्रणाली और परस्पर निर्भरता को समझना |
| | ✗ 2. विभिन्न क्षेत्रों में करों में वृद्धि करना |
| | ✗ 3. पूंजी-गहन क्षेत्रों में रोजगार को कम करना |
| | ✗ 4. विभिन्न क्षेत्रों में श्रम (labour) को विभाजित करना |

| | |
|---|---|
| Q.53 | गोवा किस वर्ष भारत में पुर्तगाली वाणिज्यिक साम्राज्य की राजधानी बना? |
| Ans | ✗ 1. 1659 |
| | ✓ 2. 1530 |
| | ✗ 3. 1410 |
| | ✗ 4. 1390 |

| | |
|---|---|
| Q.54 | रवि सोमवार को ₹250, मंगलवार को ₹300, बुधवार को ₹275, गुरुवार को ₹325 और शुक्रवार को ₹350 खर्च करता है। इन पाँच दिनों में उसका औसत दैनिक व्यय कितना है? |
| Ans | ✗ 1. ₹310 |
| | ✗ 2. ₹280 |
| | ✓ 3. ₹300 |
| | ✗ 4. ₹320 |

| | |
|---|---|
| Q.55 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।<br><br>(बाएं) 6 @ $ 1 8 # 9 % ≺ 2 4 ≽ 3 ^ 5 & 7 (दाएं)<br><br>यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतीक दाएँ से छठा होगा? |
| Ans | ✗ 1. % |
| | ✗ 2. $ |
| | ✓ 3. # |
| | ✗ 4. ≺ |

| | |
|---|---|
| Q.56 | अलीगढ़ आंदोलन का मुख्य लक्ष्य क्या था? |
| Ans | ✗ 1. महिला अधिकार |
| | ✗ 2. हिंदू पुनरुत्थानवाद |
| | ✓ 3. मुसलमानों में आधुनिक शिक्षा |
| | ✗ 4. सती प्रथा का उन्मूलन |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.57 | 39 km की दूरी तय करते समय, एक व्यक्ति ने देखा कि 5 घंटे 5 मिनट तक साइकिल चलाने के बाद, उसके द्वारा तय की गई दूरी, शेष दूरी की $\frac{5}{4}$ थी। उसकी चाल (km/h में, एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितनी थी? |
| Ans | ✗ 1. 3.2 |
| | ✗ 2. 1.9 |
| | ✗ 3. 6.5 |
| | ✓ 4. 4.3 |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.58 | अशोक के स्तम्भों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✗ 1. वे मुख्यतः लकड़ी से बने थे। |
| | ✗ 2. वे मुख्यतः कंक्रीट से बने थे। |
| | ✓ 3. वे मुख्यतः पत्थर से बने थे। |
| | ✗ 4. वे मुख्यतः लोहे से बने थे। |

| | |
|---|---|
| Q.59 | A, B को 60% की हानि पर एक कैमरा बेचता है और B, C को 25% के लाभ पर वह कैमरा बेचता है। यदि C ने कैमरा ₹62,616 में खरीदा, तो A के लिए कैमरे की कीमत (₹ में) कितनी थी? |
| Ans | ✗ 1. 1,25,230 |
| | ✓ 2. 1,25,232 |
| | ✗ 3. 1,25,229 |
| | ✗ 4. 1,25,226 |

| | |
|---|---|
| Q.60 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारतीय राष्ट्रपति की संसद को आहवान करने की शक्ति का सही वर्णन करता है? |
| Ans | ✓ 1. राष्ट्रपति वर्ष में कम से कम दो बार संसद का आहवान कर सकते हैं। |
| | ✗ 2. राष्ट्रपति अपने विवेक से संसद का आहवान कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए कोई न्यूनतम सांविधिक आवृत्ति नहीं है। |
| | ✗ 3. राष्ट्रपति केवल प्रधानमंत्री से परामर्श करने के बाद ही संसद का आहवान कर सकते हैं। |
| | ✗ 4. राष्ट्रपति प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में केवल एक बार संसद का आहवान कर सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.61 | किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से ₹1,400 की धनराशि पर 5 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹700 प्राप्त होंगे? |
| Ans | ✓ 1. 10% |
| | ✗ 2. 13% |
| | ✗ 3. 12% |
| | ✗ 4. 9% |

| | |
|---|---|
| Q.62 | भारत में अवभूमि सिंचाई मुख्यतः निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों के लिए उपयुक्त होती है? |
| Ans | ✗ 1. रेतीली मिट्टी वाले स्तर क्षेत्रों के लिए |
| | ✗ 2. निम्न मृदा उर्वर क्षेत्रों के लिए |
| | ✗ 3. निम्न जल स्तर क्षेत्रों के लिए |
| | ✓ 4. उच्च जल स्तर क्षेत्रों के लिए |

www.govtjobsalert.in

| Q.63 | एक टैंक को दो पाइप C और D द्वारा क्रमशः 60 मिनट और 40 मिनट में भरा जा सकता है। यदि आधे समय के लिए D का उपयोग किया जाए तथा शेष आधे समय के लिए C और D मिलकर टैंक को भरें, तो खाली अवस्था से टैंक को भरने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 15 मिनट |
| | ✓ 2. 30 मिनट |
| | ✗ 3. 50 मिनट |
| | ✗ 4. 1 घंटा |

| Q.64 | निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य रूप राजस्थान से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. कालबेलिया |
| | ✗ 2. घूमर |
| | ✗ 3. कच्छी घोड़ी |
| | ✓ 4. तरंगमेल |

| Q.65 | ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 2023-24 की चौथी तिमाही में प्राप्त कुल DGQI 2.0 (डेटा गवर्नेंस क्वालिटी इंडेक्स) स्कोर क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 5 में से 3.95 |
| | ✗ 2. 5 में से 4.50 |
| | ✗ 3. 5 में से 5.00 |
| | ✓ 4. 5 में से 4.93 |

| Q.66 | मानक की-बोर्ड पर Tab बटन का मुख्य उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. कर्सर को अगले फ़ील्ड या टैब पोजीशन पर ले जाना |
| | ✗ 2. टेक्स्ट हटाना |
| | ✗ 3. सक्रिय एप्लिकेशन को क्लोज करना |
| | ✗ 4. फ़ॉरवर्ड स्लैश इन्सर्ट करना |

| Q.67 | जनवरी 2025 में, कौन-सा भारतीय राज्य जातीय हिंसा और उसके मुख्यमंत्री के इस्तीफे के कारण राष्ट्रपति शासन के अधीन आ गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. असम |
| | ✗ 2. त्रिपुरा |
| | ✓ 3. मणिपुर |
| | ✗ 4. नागालैंड |

| Q.68 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएं) 815 497 460 637 147 (दाएं)<br><br>(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 8 |
| | ✗ 2. 9 |
| | ✗ 3. 7 |
| | ✓ 4. 6 |

www.govtjobsalert.in

| Q.69 | यदि $\frac{\cos\theta}{1-\sin\theta}+\frac{\cos\theta}{1+\sin\theta}=4$ है, तो θ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $45^\circ$ |
| | ✗ 2. $30^\circ$ |
| | ✗ 3. $90^\circ$ |
| | ✓ 4. $60^\circ$ |

www.govtjobsalert.in

| Q.70 | योगेश ने 5% वार्षिक ब्याज दर पर बैंक में कुछ धनराशि निवेश की। यदि 2 वर्ष बाद योगेश को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹102.5 प्राप्त होते हैं, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 95 |
| | ✓ 2. 100 |
| | ✗ 3. 110 |
| | ✗ 4. 115 |

| Q.71 | F, G, H, K, L, और M एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल तक, जिसका क्रमांक 6 है। L मंजिल संख्या 5 पर रहता है। H, L से ऊपर की किसी मंजिल पर रहता है। M से नीचे केवल K रहता है। F सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। G के नीचे कितने लोग रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✓ 2. दो |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. एक |

| Q.72 | निम्नलिखित में से किसने 2025 ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. स्टीवन स्पीलबर्ग (Steven Spielberg) |
| | ✗ 2. पीटर स्ट्रॉघन (Peter Straughan) |
| | ✓ 3. सीन बेकर (Sean Baker) |
| | ✗ 4. क्वेंटिन टारनटिनो (Quentin Tarantino) |

| Q.73 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>35 – 112 × 84 ÷ 48 + 75 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 86 |
| | ✗ 2. 174 |
| | ✓ 3. 24 |
| | ✗ 4. 46 |

| Q.74 | एक पाइप एक टैंक को 15 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 40 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक का एक-तिहाई भाग भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 24 |
| | ✗ 2. 32 |
| | ✓ 3. 8 |
| | ✗ 4. 16 |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.75 | यदि x = 5 और y = −5 है, तो $64x^3 + 27y^3 + 144x^2y + 108xy^2$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 150 |
| | ✗ 2. 100 |
| | ✗ 3. 120 |
| | ✓ 4. 125 |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.76 | निम्नलिखित में से कौन-सा देश, अफ्रीकी महाद्वीप पर पहली बार 2025 G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा? |
| Ans | ✗ 1. नाइजीरिया |
| | ✗ 2. मिस्र |
| | ✓ 3. दक्षिण अफ्रीका |
| | ✗ 4. केन्या |

| | |
|---|---|
| Q.77 | एक बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 396 $cm^2$ है, और इसकी त्रिज्या 7 cm है। बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
| Ans | ✗ 1. 300 |
| | ✗ 2. 307 |
| | ✓ 3. 308 |
| | ✗ 4. 314 |

| | |
|---|---|
| Q.78 | अंजलि की वर्तमान आयु का सात गुना, कमल की वर्तमान आयु के छह गुने से 14 वर्ष अधिक है, तथा कमल की वर्तमान आयु का सात गुना, अंजलि की वर्तमान आयु के सात गुने से 7 वर्ष कम है। अंजलि और कमल की वर्तमान आयु का योग (वर्ष में) कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 20 |
| | ✗ 2. 13 |
| | ✗ 3. 12 |
| | ✓ 4. 15 |

| | |
|---|---|
| Q.79 | आर्थिक कार्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 23 से वित्त वर्ष 24 तक, शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर की प्रवृति क्या थी? |
| Ans | ✗ 1. यह 5.0% पर स्थिर रही |
| | ✓ 2. यह 5.4% से घटकर 5.1% हुई |
| | ✗ 3. यह 6% से घटकर 5% हुई |
| | ✗ 4. यह 4% से बढ़कर 5% हुई |

| | |
|---|---|
| Q.80 | यदि संख्या 936245 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
| Ans | ✓ 1. दो |
| | ✗ 2. एक |
| | ✗ 3. एक भी नहीं |
| | ✗ 4. तीन |

www.govtjobsalert.in

Q.81 यदि उपयोगकर्ता किसी नए संस्करण (जैसे, Excel 2021) में बनाई गई MS एक्सेल फ़ाइल को पुराने संस्करण (जैसे, Excel 2010) में खोलने का प्रयास करते हैं, तो क्या होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. फ़ाइल सीमित कार्यक्षमता के साथ संगतता (Compatibility) मोड में खुलेगी।
✘ 2. फ़ाइल स्वचालित रूप से PDF में परिवर्तित हो जाएगी।
✘ 3. फ़ाइल सभी फीचर्स के साथ सामान्य रूप से खुलेगी।
✘ 4. MS एक्सेल एक त्रुटि प्रदर्शित करेगा और फ़ाइल को खोलने से मना कर देगा।

Q.82 एक सम बहुभुज के अंतः कोणों का योगफल 1260° है। इस सम बहुभुज के विकर्णों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 27
✘ 2. 20
✘ 3. 35
✘ 4. 44

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

AAA 16, ECZ 36, IEY 64, MGX 100, ?

Ans
✔ 1. QIW 144
✘ 2. WIU 100
✘ 3. UVW 81
✘ 4. UIW 121

Q.84 यदि संख्या 5364178 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✘ 1. 10
✔ 2. 12
✘ 3. 9
✘ 4. 7

Q.85 एमएस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को सेव करते समय, 'Save as Picture Presentation' विकल्प का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✘ 1. प्रत्येक स्लाइड को एक फ़ोल्डर में एक अलग इमेज फ़ाइल के रूप में सेव करना
✘ 2. कम बैंडविड्थ इंटरनेट कनेक्शन पर देखने के लिए प्रेजेंटेशन को ऑप्टिमाइज़ (optimise) करना
✘ 3. पहली स्लाइड की एक स्टेटिक इमेज (static image) को प्रीव्यू के रूप में एम्बेड (embed) करना
✔ 4. प्रेजेंटेशन कंटेंट की किसी भी अन्य एडिटिंग को रोकना

Q.86 दी गई शृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1412 1420 1430 1442 1456 ?

Ans
✘ 1. 1470
✘ 2. 1474
✘ 3. 1468
✔ 4. 1472

Q.87 चतुर्भुज QRST में, ∠Q = 52° तथा ∠R = 44° है। ∠S तथा ∠T के समद्विभाजक E पर मिलते हैं। ∠TES की माप कितनी है?

Ans
✘ 1. 37°
✘ 2. 44°
✔ 3. 48°
✘ 4. 59°

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.88 | 72 - (-98) × (-31 - 58 - 19) ÷ [9 × { 7 + (-2) × (-6)}] का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $\frac{182}{19}$ |
| | ✗ 2. $\frac{188}{19}$ |
| | ✗ 3. $\frac{187}{19}$ |
| | ✓ 4. $\frac{192}{19}$ |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.89 | एमएस वर्ड (MS Word) में निम्नलिखित में से कौन-सा, सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट को मूव करने का मान्य तरीका नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. Ctrl + ड्रैग (Ctrl + Drag) |
| | ✓ 2. फॉर्मेट पेंटर (Format Painter) |
| | ✗ 3. कट और पेस्ट (Cut and Paste) |
| | ✗ 4. ड्रैग और ड्रॉप (Drag and Drop) |

| | |
|---|---|
| Q.90 | श्री XYZ बिंदु A से शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 15 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 11 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 19 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 16 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो) |
| Ans | ✗ 1. 5 km पश्चिम की ओर |
| | ✗ 2. 3 km पूर्व की ओर |
| | ✗ 3. 3 km उत्तर की ओर |
| | ✓ 4. 5 km दक्षिण की ओर |

| | |
|---|---|
| Q.91 | A, B और C का औसत वजन 45 kg है। यदि A और B का औसत वजन 39 kg है तथा B और C का औसत वजन 48 kg है, तो B का वजन (kg में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 29 |
| | ✗ 2. 49 |
| | ✓ 3. 39 |
| | ✗ 4. 54 |

| | |
|---|---|
| Q.92 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, MQIL का संबंध एक निश्चित तरीके से FJBE से है। उसी प्रकार, OSKN का संबंध HLDG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QUMP का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✗ 1. NJIF |
| | ✓ 2. JNFI |
| | ✗ 3. JNIF |
| | ✗ 4. NJFI |

| | |
|---|---|
| Q.93 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'rough and ready' को 'mo hp km' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'road is rough' को 'tx km bn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'rough' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. hp |
| | ✗ 2. tx |
| | ✗ 3. bn |
| | ✓ 4. km |

www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.94 | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA), जो अन्य विधिक सेवा संस्थानों के साथ लोक अदालतों का संचालन करता है, का गठन किस अधिनियम के तहत किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. भारतीय बार काउंसिल अधिनियम, 1926 |
| | ✗ 2. अधिवक्ता अधिनियम, 1961 |
| | ✗ 3. जनहित याचिका अधिनियम, 1990 |
| | ✓ 4. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 |

| | |
|---|---|
| Q.95 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(7, 80, 22)<br>(43, 143, 19) |
| Ans | ✗ 1. (49, 139, 15) |
| | ✗ 2. (11, 63, 15) |
| | ✓ 3. (13, 89, 21) |
| | ✗ 4. (25, 91, 15) |

| | |
|---|---|
| Q.96 | फरवरी 2025 में, केंद्रीय बजट में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय को कुल कितना बजट आवंटित किया गया? |
| Ans | ✓ 1. ₹3,790 करोड़ |
| | ✗ 2. ₹2,808 करोड़ |
| | ✗ 3. ₹3,254 करोड़ |
| | ✗ 4. ₹4,132 करोड़ |

| | |
|---|---|
| Q.97 | यदि $a^2 + b^2 = 132$ और $a \times b = 36$ है, तो $\frac{(a - b)}{(a + b)}$, जहां $a > b$ है, का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $\sqrt{\frac{5}{11}}$ |
| | ✗ 2. $\sqrt{\frac{17}{37}}$ |
| | ✓ 3. $\sqrt{\frac{5}{17}}$ |
| | ✗ 4. $\sqrt{\frac{11}{17}}$ |

| | |
|---|---|
| Q.98 | एक शंकु की तिर्यक ऊँचाई उसके आधार की त्रिज्या के दोगुने के बराबर है। यदि शंकु का आयतन $401\pi$ $cm^3$ है, तो उसके आधार की त्रिज्या के घन का परिमाण ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $412\sqrt{3}$ |
| | ✗ 2. $410\sqrt{3}$ |
| | ✓ 3. $401\sqrt{3}$ |
| | ✗ 4. $402\sqrt{3}$ |

www.govtjobsalert.in
www.govtjobsalert.in

| | |
|---|---|
| Q.99 | एक डीलर ने ₹1,301 में एक वॉशिंग मशीन खरीदी। इसके अंकित मूल्य पर 53% की छूट देने के बाद भी उसे 41% का लाभ प्राप्त होता है। वॉशिंग मशीन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. ₹3,903 |
| | ✘ 2. ₹3,886 |
| | ✘ 3. ₹3,940 |
| | ✘ 4. ₹3,917 |

| | |
|---|---|
| Q.100 | समीकरण $kx^3 - 5x^2 - 12x + k = 0$ के मूलों का गुणनफल कितना है? |
| Ans | ✘ 1. $\frac{1}{12}$ |
| | ✘ 2. $-\frac{1}{12}$ |
| | ✘ 3. $1$ |
| | ✔ 4. $-1$ |

www.govtjobsalert.in
www.govtjobsalert.in